सहायक अभियोजन अधिकारी (गृह - विभाग (अभियोजन) प्रति. परीक्षा - 2024 (प्री.)    रवीपाल सिंह 20/01/2025

इस प्रश्न पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए।/Do not open this Question Booklet until you are asked to do so.

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : **24**
No. of Pages in Booklet : **24**
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : **100**
No. of Questions in Booklet : **100**
Paper Code : **11**

# OAP-24

प्रश्न पुस्तिका संख्या व बारकोड / Question Booklet No. & Barcode
1105141

**SUBJECT : Law & Language**

समय : **02:00 घण्टे+10 मिनिट अतिरिक्त***
Time : **02:00 Hours+10 Minutes Extra***

अधिकतम अंक : **100**
Maximum Marks: **100**

प्रश्न पुस्तिका के पेपर की सील/पॉलिथिन बैग को खोलने पर प्रश्न पत्र हल करने से पूर्व परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि :–
- प्रश्न पुस्तिका संख्या तथा ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर अंकित बारकोड संख्या समान है।
- प्रश्न पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक के सभी पृष्ठ व सभी प्रश्न सही मुद्रित हैं। समस्त प्रश्न जैसा कि ऊपर वर्णित है, उपलब्ध हैं तथा कोई भी पृष्ठ कम नहीं है/मुद्रण त्रुटि नहीं है।

किसी भी प्रकार की विसंगति या दोषपूर्ण होने पर परीक्षार्थी वीक्षक से दूसरी प्रश्न पुस्तिका प्राप्त कर लें। यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। परीक्षा प्रारम्भ होने के **5** मिनट पश्चात् ऐसे किसी दावे/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

On opening the paper seal/polythene bag of the Question Booklet before attempting the question paper the candidate should ensure that:-
- Question Booklet Number and Barcode Number of OMR Answer Sheet are same.
- All pages & Questions of Question Booklet and OMR Answer Sheet are properly printed. All questions as mentioned above are available and no page is missing/misprinted.

If there is any discrepancy/defect, candidate must obtain another Question Booklet from Invigilator. Candidate himself shall be responsible for ensuring this. No claim/objection in this regard will be entertained after **five** minutes of start of examination.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. **प्रत्येक प्रश्न के लिये एक विकल्प भरना अनिवार्य है।**
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न का मात्र एक ही उत्तर दीजिये। एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा।
4. **OMR** उत्तर–पत्रक इस प्रश्न पुस्तिका के अन्दर रखा है। जब आपको प्रश्न पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर–पत्रक निकाल कर ध्यान से केवल **नीले बॉल प्वॉइंट पेन** से विवरण भरें।
5. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें। गलत रोल नम्बर भरने पर परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।
6. **ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक में करेक्शन पेन/व्हाईटनर/सफेदा का उपयोग निषिद्ध है।**
7. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा।** गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है।
8. **प्रत्येक प्रश्न के पांच विकल्प दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः 1, 2, 3, 4, 5 अंकित किया गया है। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले (बबल) को उत्तर–पत्रक पर नीले बॉल प्वॉइंट पेन से गहरा करना है।**
9. **यदि आप प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते हैं, तो उत्तर–पत्रक में पांचवे (5) विकल्प को गहरा करें। यदि पांच में से कोई भी गोला गहरा नहीं किया जाता है, तो ऐसे प्रश्न के लिये प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा।**
10. ***प्रश्न पत्र हल करने के उपरांत अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से ओ.एम.आर. आंसर शीट जांच लें कि समस्त प्रश्नों के लिये एक विकल्प (गोला) भर दिया गया है। इसके लिये ही निर्धारित समय से 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।**
11. **यदि अभ्यर्थी 10% से अधिक प्रश्नों में पांच विकल्पों में से कोई भी विकल्प अंकित नहीं करता है, तो उसको अयोग्य माना जायेगा।**
12. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेज़ी रूपान्तरों में से अंग्रेज़ी रूपान्तर मान्य होगा।
13. **मोबाइल फोन अथवा इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है, तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।**

**चेतावनी** : अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए और **राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम अध्युपाय) अधिनियम, 2022 तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के नियमों–प्रावधानों** के तहत कार्यवाही की जाएगी। साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. **It is mandatory to fill one option for each question.**
2. All questions carry equal marks.
3. Only one answer is to be given for each question. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
4. The **OMR** Answer Sheet is inside this Question Booklet. When you are directed to open the Question Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **BLUE BALL POINT PEN** only.
5. Please correctly fill your Roll Number in OMR Answer Sheet. Candidate will himself/herself be responsible for filling wrong Roll Number.
6. **Use of Correction Pen/Whitener in the OMR Answer Sheet is strictly forbidden.**
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question.
8. **Each question has five options marked as 1, 2, 3, 4, 5. You have to darken only one circle (bubble) indicating the correct answer on the Answer Sheet using BLUE BALL POINT PEN.**
9. **If you are not attempting a question, then you have to darken the circle '5'. If none of the five circles is darkened, one third (1/3) part of the marks of question shall be deducted.**
10. ***After solving the question paper, candidate must ascertain that he/she has darkened one of the circles (bubbles) for each of the questions. Extra time of 10 minutes beyond scheduled time is provided for this.**
11. **A candidate who has not darkened any of the five circles in more than 10% questions shall be disqualified.**
12. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature, then out of Hindi and English Version of the question, the English Version will be treated as standard.
13. **Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt by the Commission as per rules.**

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Measures for Prevention of Unfair Means in Recruitment) Act, 2022, other laws applicable and Commission's Regulations.** Commission may also debar him/her permanently from all future examinations.

उत्तर–पत्रक में दो प्रतियां हैं – मूल प्रति और कार्बन प्रति। परीक्षा समाप्ति पर परीक्षा कक्ष छोड़ने से पूर्व परीक्षार्थी उत्तर–पत्रक की दोनों प्रतियां वीक्षक को सौंपेंगे, परीक्षार्थी स्वयं कार्बन प्रति अलग नहीं करें। वीक्षक उत्तर–पत्रक की मूल प्रति को अपने पास जमा कर, कार्बन प्रति को मूल प्रति से कट लाईन से मोड़कर सावधानीपूर्वक अलग कर परीक्षार्थी को सौंपेंगे, **जिसे परीक्षार्थी अपने साथ ले जायेंगे। परीक्षार्थी को उत्तर–पत्रक की कार्बन प्रति चयन प्रक्रिया पूर्ण होने तक सुरक्षित रखनी होगी एवं आयोग द्वारा मांगे जाने पर प्रस्तुत करनी होगी।**

1. 'Excise Duty' is defined under the Rajasthan Excise Act, 1950 in -
(1) Section 3(8) (2) Section 3(2)
(3) Section 3(4) (4) Section 3(6)
(5) Question not attempted

1. राजस्थान आबकारी अधिनियम; 1950 के अन्तर्गत 'आबकारी शुल्क' की परिभाषा दी गयी है –
(1) धारा 3(8) में (2) धारा 3(2) में
(3) धारा 3(4) में (4) धारा 3(6) में
(5) अनुत्तरित प्रश्न

2. Which of the following is an Aggravated Sexual Assault under Section 9 of POCSO Act, 2012?
(1) Intentionally touching private parts of a child in public
(2) Squeezing breast of a child in washroom of the school by a peon of private school
(3) Physical contact with the child with sexual intent but without penetration
(4) Touching breast of a child with sexual intent
(5) Question not attempted

2. पोक्सो अधिनियम, 2012 की धारा 9 के अन्तर्गत निम्नलिखित में से कौनसा गुरुतर लैंगिक हमला में आता है?
(1) सार्वजनिक स्थान पर जानबूझकर बालक के निजी अंगों को छूना
(2) निजी स्कूल के चपरासी द्वारा स्कूल के बाथरूम में एक बालक के स्तन को दबाना
(3) लैंगिक आशय से बालक के साथ शारीरिक सम्पर्क करना लेकिन प्रवेशन के बिना
(4) लैंगिक आशय से बालक के स्तन को छूना
(5) अनुत्तरित प्रश्न

3. Which of the following Sections of the Protection of Children from Sexual Offences Act, 2012 deals with "Sexual harassment"?
(1) Section 12 (2) Section 10
(3) Section 9 (4) Section 11
(5) Question not attempted

3. निम्नलिखित धाराओं में से कौनसी धारा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 में "लैंगिक उत्पीड़न" से सम्बन्धित है?
(1) धारा 12 (2) धारा 10
(3) धारा 9 (4) धारा 11
(5) अनुत्तरित प्रश्न

4. Which Section of Indian Penal Code, 1860 is based on 'Doctrine of Transfer of Malice'?
(1) Section 306 (2) Section 304B
(3) Section 301 (4) Section 315
(5) Question not attempted

4. भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की कौनसी धारा 'द्वेष के स्थानान्तरण के सिद्धान्त' पर आधारित है?
(1) धारा 306 (2) धारा 304ख
(3) धारा 301 (4) धारा 315
(5) अनुत्तरित प्रश्न

5. Who among the following persons may be charged and tried together?
(1) Persons accused of any number of offences of the same kind within a period of 12 months.
(2) Persons accused of same offence committed in the course of different transactions.
(3) Persons accused of different offences committed in the course of same transaction.
(4) Persons accused of different offences committed in the course of different transactions.
(5) Question not attempted

5. निम्नलिखित व्यक्तियों में से किस पर एक साथ आरोप लगाया जा सकेगा और विचारित किया जा सकेगा?
(1) 12 महीनों की अवधि के अन्दर एक ही तरह के कई अपराधों के आरोपी व्यक्ति।
(2) वे व्यक्ति जिन पर भिन्न संव्यवहार के अनुक्रम में किए गए एक ही अपराध का अभियोग है।
(3) वे व्यक्ति जिन पर एक ही संव्यवहार के अनुक्रम में किए गए भिन्न अपराधों का अभियोग है।
(4) वे व्यक्ति जिन पर अलग–अलग संव्यवहार के अनुक्रम में किए गए भिन्न अपराधों का अभियोग है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

6. What is the amount of penalty in case of offender failing to observe conditions of bond, first time under the Probation of Offenders Act, 1958?
(1) Upto one hundred rupees
(2) Not exceeding fifty rupees
(3) Upto two hundred rupees
(4) Not less than fifty rupees
(5) Question not attempted

7. "Child in Conflict with Law" means -
(1) A child who is alleged or found to have committed an offence and who has not completed eighteen years of age on the date of commission of such offence.
(2) A child above the age of seven years and less than twelve years of age.
(3) A child who is alleged or found to have committed an offence and who has not completed sixteen years of age on the date of commission of such offence.
(4) A child above the age of twelve years and less than sixteen years of age.
(5) Question not attempted

8. The Protection of Children from Sexual Offences (Amendment) Act, 2019 came into force on -
(1) 5th August, 2019 (2) 16th August, 2019
(3) 26th August, 2019 (4) 6th August, 2019
(5) Question not attempted

9. Which of the following is known as 'Mignonette Case'?
(1) Queen Vs. Dudley and Stephens
(2) R Vs. Robinson
(3) R Vs. Lipman
(4) R Vs. Hudson
(5) Question not attempted

10. Which of the following case is not related to Section 167 of Code of Criminal Procedure, 1973?
(1) Chaganti Satyanarayan Vs. State of Andhra Pradesh
(2) Ravi Prakash Singh Vs. State of Bihar
(3) Raju Manjhi Vs. State of Bihar
(4) State of M.P. Vs. Rustam
(5) Question not attempted

6. अपराधी परिवीक्षा अधिनियम, 1958 के अन्तर्गत, बंधपत्र की शर्तों के अनुपालन में अपराधी के प्रथम बार असफल होने की दशा में शास्ति की राशि क्या है?
(1) एक सौ रुपये तक
(2) पचास रुपये से अनधिक
(3) दो सौ रुपये तक
(4) पचास रुपये से कम नहीं
(5) अनुत्तरित प्रश्न

7. "विधि का उल्लंघन करने वाला बालक" का अर्थ है –
(1) ऐसा बालक, जिसके बारे में यह अभिकथन है या पाया गया है कि उसने कोई अपराध किया है और जिसने उस अपराध के किए जाने की तारीख को अठारह वर्ष की आयु पूरी नहीं की है।
(2) ऐसा बालक जो सात वर्ष से अधिक और बारह वर्ष से कम हो।
(3) ऐसा बालक, जिसके बारे में यह अभिकथन है या पाया गया है कि उसने कोई अपराध किया है और जिसने उस अपराध के किए जाने की तारीख को सोलह वर्ष की आयु पूरी नहीं की है।
(4) ऐसा बालक जो बारह वर्ष से अधिक और सोलह वर्ष से कम हो।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

8. लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 2019 लागू हुआ –
(1) 5 अगस्त, 2019 को (2) 16 अगस्त, 2019 को
(3) 26 अगस्त, 2019 को (4) 6 अगस्त, 2019 को
(5) अनुत्तरित प्रश्न

9. निम्नलिखित में से कौनसा 'मिग्नोनेट केस' के नाम से जाना जाता है?
(1) क्वीन बनाम डुडले और स्टीफंस
(2) आर बनाम रॉबिन्सन
(3) आर बनाम लिपमैन
(4) आर बनाम हडसन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

10. निम्नलिखित में से कौनसा वाद दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 167 से सम्बन्धित नहीं है?
(1) चगन्ती सत्यनारायण बनाम आंध्र प्रदेश राज्य
(2) रवि प्रकाश सिंह बनाम बिहार राज्य
(3) राजू मांझी बनाम बिहार राज्य
(4) मध्य प्रदेश राज्य बनाम रुस्तम
(5) अनुत्तरित प्रश्न

11. Which one of the following Sections of The Scheduled Castes and the Scheduled Tribes (Prevention of Atrocities) Act, 1989 relates to 'Punishment for offences of atrocities'?

(1) Section 8 (2) Section 7

(3) Section 4 (4) Section 3

(5) Question not attempted

12. The question is, whether 'A' was in Calcutta on a given day. A statement in the diary of a deceased Solicitor, regularly kept in the course of business, that on a given day, the Solicitor attended 'A' at a place mentioned, in Calcutta, for the purpose of conferring with him upon specified business, is a relevant fact under which Section of Indian Evidence Act?

(1) Section 32(5) (2) Section 32(2)

(3) Section 32(3) (4) Section 11

(5) Question not attempted

13. Which of the following is not included in the definition of 'Arms' under Section 2(c) of the Arms Act?

(1) Parts of, and machinery for manufacturing arms

(2) Lathi

(3) Weapons for offence or defence

(4) Sharp edged weapons

(5) Question not attempted

14. The question is, whether A and B were legally married. The statement of a deceased Pandit that he married them under such circumstances that the celebration would be a crime -

(1) is relevant under Section 50 of Indian Evidence Act, 1872.

(2) is not relevant.

(3) is relevant under Section 32 of Indian Evidence Act, 1872.

(4) is relevant under Section 08 of Indian Evidence Act, 1872.

(5) Question not attempted

11. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की निम्नलिखित धाराओं में से कौनसी धारा 'अत्याचार के अपराधों के लिये दंड' से सम्बन्धित है?

(1) धारा 8 (2) धारा 7

(3) धारा 4 (4) धारा 3

(5) अनुत्तरित प्रश्न

12. प्रश्न यह है कि क्या 'क' अमुक दिन कलकत्ता में था। कारोबार के सामान्य अनुक्रम में नियमित रूप से रखी गयी एक मृत सॉलिसिटर की डायरी में यह कथन कि अमुक दिन वह सॉलिसिटर कलकत्ते में एक वर्णित स्थान पर विनिर्दिष्ट कारोबार के बारे में विचार–विमर्श करने के प्रयोजनार्थ 'क' के पास रहा, भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा के अन्तर्गत एक सुसंगत तथ्य है?

(1) धारा 32(5) (2) धारा 32(2)

(3) धारा 32(3) (4) धारा 11

(5) अनुत्तरित प्रश्न

13. निम्न में से क्या आयुध अधिनियम की धारा 2(ग) में वर्णित 'आयुध' की परिभाषा में सम्मिलित नहीं है?

(1) आयुधों के भाग और उनके विनिर्माण के लिये मशीनरी

(2) लाठी

(3) आक्रमण या प्रतिरक्षा के शस्त्र

(4) तीक्ष्ण धार वाले शस्त्र

(5) अनुत्तरित प्रश्न

14. प्रश्न यह है कि क्या 'अ' और 'ब' का विवाह वैध रूप से हुआ था। एक मृत पण्डित का यह कथन कि उसने उनका विवाह ऐसी परिस्थितियों में कराया था जिनमें उसका कराना अपराध होता –

(1) धारा 50, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के अन्तर्गत सुसंगत है।

(2) सुसंगत नहीं है।

(3) धारा 32, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के अन्तर्गत सुसंगत है।

(4) धारा 08, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के अन्तर्गत सुसंगत है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

15. The provisions of the Rajasthan Public Examination (Prevention of Unfair Means) Act, 1992 are applicable to which of the following examinations?
(a) Any examination conducted by the Rajasthan Public Service Commission or Union Public Service Commission.
(b) Any examination conducted by any University established by Law in India.
(c) Any examination conducted by the Rajasthan High Court.
Select correct answer using code -
(1) (a), (b) and (c) (2) (b) only
(3) (a) only (4) (a) and (c) only
(5) Question not attempted

16. Section 3(18) of the Rajasthan Excise Act, 1950 defines -
(1) Molasses (2) Liquor
(3) Spirit (4) Pachwai
(5) Question not attempted

17. Under the Protection of Children from Sexual Offences Act, 2012 whoever commits sexual assault on a child and attempts to murder the child shall be punished with imprisonment of either description for a term which shall not be less than -
(1) Three years (2) Five years
(3) Seven years (4) Ten years
(5) Question not attempted

18. Match List-I with List-II and select the correct answer by using the code given below the lists –

**List-I**
(A) Abduction
(B) Attempt to commit suicide
(C) Attempt to commit culpable homicide
(D) Assault

**List-II**
(1) Section 351, I.P.C.
(2) Section 362, I.P.C.
(3) Section 308, I.P.C.
(4) Section 309, I.P.C.

**Code -**
(1) (A)-(2), (B)-(4), (C)-(3), (D)-(1)
(2) (A)-(3), (B)-(4), (C)-(2), (D)-(1)
(3) (A)-(1), (B)-(2), (C)-(3), (D)-(4)
(4) (A)-(4), (B)-(2), (C)-(1), (D)-(3)
(5) Question not attempted

15. राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 1992 के प्रावधान निम्नलिखित में से किन परीक्षाओं पर लागू हैं?
(a) राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा या संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित कोई भी परीक्षा।
(b) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी भी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कोई भी परीक्षा।
(c) राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा आयोजित कोई भी परीक्षा।
कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनें –
(1) (a), (b) और (c) (2) केवल (b)
(3) केवल (a) (4) केवल (a) और (c)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

16. राजस्थान आबकारी अधिनियम, 1950 की धारा 3(18) परिभाषित करती है –
(1) शीरा को (2) शराब को
(3) स्पिरिट को (4) पचवई को
(5) अनुत्तरित प्रश्न

17. लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 के अन्तर्गत जो कोई भी किसी बालक पर लैंगिक हमला करता है तथा बालक की हत्या करने का प्रयास करता है वह किसी भी प्रकार के कारावास से दण्डित किया जाएगा जिसकी अवधि कम नहीं होगी –
(1) तीन वर्ष से (2) पाँच वर्ष से
(3) सात वर्ष से (4) दस वर्ष से
(5) अनुत्तरित प्रश्न

18. सूची-I का सूची-II से मिलान करते हुए सूचियों के नीचे दिए गए कूटों में से सही कूट चुनिए –

**सूची–I**
(A) अपहरण
(B) आत्महत्या करने का प्रयत्न
(C) आपराधिक मानववध करने का प्रयत्न
(D) हमला

**सूची–II**
(1) धारा 351, भा.द.सं.
(2) धारा 362, भा.द.सं.
(3) धारा 308, भा.द.सं.
(4) धारा 309, भा.द.सं.

**कूट –**
(1) (A)-(2), (B)-(4), (C)-(3), (D)-(1)
(2) (A)-(3), (B)-(4), (C)-(2), (D)-(1)
(3) (A)-(1), (B)-(2), (C)-(3), (D)-(4)
(4) (A)-(4), (B)-(2), (C)-(1), (D)-(3)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

19. Under which Section of Code of Criminal Procedure, 1973 power of court to convert summons-cases into warrant cases is provided?

(1) Section 256 (2) Section 258

(3) Section 257 (4) Section 259

(5) Question not attempted

20. Arrange the following definitions in the chronological order on the basis of Sub-Sections of Section 2 of Code of Criminal Procedure, 1973 –

(I) Complaint
(II) Bailable offence
(III) Investigation
(IV) Cognizable offence

(1) II, IV, I, III (2) IV, III, II, I

(3) I, IV, III, II (4) III, IV, I, II

(5) Question not attempted

21. 'Probation Officer' is defined under the Probation of Offenders Act, 1958 in -

(1) Section 2(a) (2) Section 2(c)

(3) Section 2(d) (4) Section 2(b)

(5) Question not attempted

22. 'A' having insured a ship, voluntarily causes the same to be cast away, with the intention of causing damage to the underwriters. 'A' has committed an offence defined under which Section of I.P.C.?

(1) Section 425 (2) Section 433

(3) Section 405 (4) Section 430

(5) Question not attempted

23. Match List-I with List-II and choose the correct answer by using the code given below –

| List-I (Definition) | List-II (Section of I.P.C.) |
|---|---|
| (a) Government | (i) 51 |
| (b) Oath | (ii) 31 |
| (c) Man | (iii) 10 |
| (d) A Will | (iv) 17 |

**Code -**

(1) (a)-(iv), (b)-(i), (c)-(iii), (d)-(ii)

(2) (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(i), (d)-(iv)

(3) (a)-(i), (b)-(iii), (c)-(iv), (d)-(ii)

(4) (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(ii), (d)-(i)

(5) Question not attempted

19. दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की किस धारा के अन्तर्गत समन–मामलों को वारण्ट मामलों में संपरिवर्तित करने की न्यायालय को शक्ति प्रदान की गई है?

(1) धारा 256 (2) धारा 258

(3) धारा 257 (4) धारा 259

(5) अनुत्तरित प्रश्न

20. निम्नलिखित परिभाषाओं को दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 2 की उपधाराओं के आधार पर क्रमानुसार व्यवस्थित कीजिये –

(I) परिवाद
(II) जमानतीय अपराध
(III) अन्वेषण
(IV) संज्ञेय अपराध

(1) II, IV, I, III (2) IV, III, II, I

(3) I, IV, III, II (4) III, IV, I, II

(5) अनुत्तरित प्रश्न

21. अपराधी परिवीक्षा अधिनियम, 1958 के अन्तर्गत 'परिवीक्षा अधिकारी' को परिभाषित किया गया है –

(1) धारा 2(क) में (2) धारा 2(ग) में

(3) धारा 2(घ) में (4) धारा 2(ख) में

(5) अनुत्तरित प्रश्न

22. 'क' एक पोत का बीमा कराने के बाद उसे इस आशय से कि बीमा करने वालों को नुकसान कारित करे, उसको स्वेच्छया संत्यक्त करा देता है। 'क' ने भारतीय दण्ड संहिता में परिभाषित किस धारा के अन्तर्गत अपराध कारित किया है?

(1) धारा 425 (2) धारा 433

(3) धारा 405 (4) धारा 430

(5) अनुत्तरित प्रश्न

23. सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनें –

| सूची–I (परिभाषा) | सूची–II (भा.द.सं. की धारा) |
|---|---|
| (a) सरकार | (i) 51 |
| (b) शपथ | (ii) 31 |
| (c) पुरुष | (iii) 10 |
| (d) विल | (iv) 17 |

कूट –

(1) (a)-(iv), (b)-(i), (c)-(iii), (d)-(ii)

(2) (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(i), (d)-(iv)

(3) (a)-(i), (b)-(iii), (c)-(iv), (d)-(ii)

(4) (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(ii), (d)-(i)

(5) अनुत्तरित प्रश्न

24. Which one of the following is correctly matched according to Rajasthan Public Examination (Measures for Prevention of Unfair Means in Recruitment) Act, 2022?

(1) Prohibition to enter in Examination center – Section 7

(2) Prohibition of use of unfair means – Section 4

(3) Offences by Management, Institution or others – Section 10

(4) Possession and disclosure of question paper – Section 3

(5) Question not attempted

24. राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय) अधिनियम, 2022 के अनुसार निम्नलिखित में से कौनसा एक सही सुमेलित है?

(1) परीक्षा केन्द्र में प्रवेश का प्रतिषेध – धारा 7

(2) अनुचित साधनों के उपयोग का प्रतिषेध – धारा 4

(3) प्रबंधतंत्र, संस्था या अन्य द्वारा अपराध – धारा 10

(4) प्रश्नपत्र का कब्जा और प्रकटीकरण – धारा 3

(5) अनुत्तरित प्रश्न

25. Under which Section of the Arms Act, 1959 Magistrate has power to search and seizure of the firearms and ammunitions?

(1) Section 19 (2) Section 22

(3) Section 21 (4) Section 20

(5) Question not attempted

25. आयुध अधिनियम, 1959 की किस धारा के अन्तर्गत मजिस्ट्रेट को अग्न्यायुधों और गोलाबारूद की तलाशी और अभिग्रहण की शक्ति प्राप्त है?

(1) धारा 19 (2) धारा 22

(3) धारा 21 (4) धारा 20

(5) अनुत्तरित प्रश्न

26. "The question is, whether A murdered B. Marks on the ground, produced by a struggle at or near the place where the murder was committed, are relevant facts." This illustration is related to which Section of Indian Evidence Act?

(1) Section 8 (2) Section 7

(3) Section 9 (4) Section 6

(5) Question not attempted

26. "प्रश्न यह है कि क्या क ने ख की हत्या की। उस स्थान पर जहाँ हत्या की गई थी या उसके समीप भूमि पर गुत्थम–गुत्था से बने हुए चिन्ह सुसंगत तथ्य हैं।" यह दृष्टांत भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा से संबंधित है?

(1) धारा 8 (2) धारा 7

(3) धारा 9 (4) धारा 6

(5) अनुत्तरित प्रश्न

27. What is the enhanced punishment for Subsequent Conviction under Section 5 of The Scheduled Castes and the Scheduled Tribes (Prevention of Atrocities) Act, 1989?

(1) 6 months

(2) 3 months

(3) A term which shall not be less than one year but which may extend to the punishment provided for that offence.

(4) 18 months

(5) Question not attempted

27. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 5 में पश्चातवर्ती दोषसिद्धि के वर्धित दण्ड क्या है?

(1) 6 माह

(2) 3 माह

(3) कारावास से, जिसकी अवधि एक वर्ष से कम की नहीं होगी किन्तु जो उस अपराध के लिये उपबंधित दण्ड तक हो सकेगी।

(4) 18 माह

(5) अनुत्तरित प्रश्न

28. 'A' sees her husband committing murder of 'B'. The husband is prosecuted for the murder of 'B'. During trial 'A' gives evidence against her husband. The evidence is -

(1) admissible only when given with the permission of the court.

(2) not admissible against husband.

(3) admissible against husband only when given with the consent of husband.

(4) admissible against husband.

(5) Question not attempted

29. In which of the following the Right to Private Defence of Body extends to causing death of the assailant?

(1) Throwing acid to cause hurt

(2) Rape

(3) Sexual harassment

(4) Criminal intimidation

(5) Question not attempted

30. When a criminal act is done by several persons in furtherance of the common intention of all -

(1) each of such person is liable for that act in the same manner as if it has been done by him alone.

(2) only the principal offender shall be liable for the offence.

(3) each of such person shall be liable according to the extent of his participation in the offence.

(4) each of such person is liable for his own overt act.

(5) Question not attempted

28. 'अ' देखती है कि उसका पति 'ब' की हत्या कर रहा है। पति को 'ब' की हत्या के लिए अभियोजित किया जाता है। अभियोजन के दौरान 'अ' अपने पति के विरुद्ध साक्ष्य देती है। साक्ष्य –

(1) केवल तब ग्राह्य है, जब न्यायालय की अनुमति से दिया गया हो।

(2) पति के विरुद्ध ग्राह्य नहीं है।

(3) पति के विरुद्ध केवल तब ग्राह्य है, जबकि पति ने सहमति दी हो।

(4) पति के विरुद्ध ग्राह्य है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

29. निम्नलिखित में से कब शरीर की प्राइवेट प्रतिरक्षा के अधिकार का विस्तार हमलावर की मृत्यु कारित करने तक का होता है?

(1) अम्ल फेंककर उपहति

(2) बलात्संग

(3) लैंगिक उत्पीड़न

(4) आपराधिक अभित्रास

(5) अनुत्तरित प्रश्न

30. जब कोई आपराधिक कृत्य कई व्यक्तियों द्वारा सभी के सामान्य आशय को अग्रसर करने के लिए किया जाता है, तो –

(1) उनमें से प्रत्येक व्यक्ति उस कार्य के लिए इस प्रकार दायी होता है जैसे उसने अकेले ही वह कार्य किया हो।

(2) केवल मुख्य अपराधी ही अपराध के लिये दायी होगा।

(3) उनमें से प्रत्येक व्यक्ति अपराध में अपनी भागीदारी के विस्तार तक दायी होगा।

(4) उनमें से प्रत्येक व्यक्ति स्वयं के बाह्य कृत्य के लिये दायी होता है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

31. Match List-I with List-II and select the correct answer from the code given below the lists –

**List-I**

(A) Dying declaration
(B) Who may testify
(C) Professional communication
(D) Communication during marriage

**List-II**

(1) Section 118 I.E.A., 1872
(2) Section 32(1) I.E.A., 1872
(3) Section 122 I.E.A., 1872
(4) Section 126 I.E.A., 1872

**Code –**

(1) (A)-(3), (B)-(2), (C)-(4), (D)-(1)
(2) (A)-(2), (B)-(3), (C)-(1), (D)-(4)
(3) (A)-(2), (B)-(1), (C)-(4), (D)-(3)
(4) (A)-(4), (B)-(3), (C)-(2), (D)-(1)
(5) Question not attempted

32. The Rajasthan Public Examination (Prevention of Unfair Means) Act, 1992 received the assent of the Governor on -

(1) 8th September, 1992
(2) 8th November, 1992
(3) 18th November, 1992
(4) 8th December, 1992
(5) Question not attempted

33. Which one of the following is not a correct match under the Protection of Children from Sexual Offences Act, 2012?

(1) Sexual Assault - Section 6
(2) Aggravated Penetrative Sexual Assault - Section 5
(3) Penetrative Sexual Assault - Section 3
(4) Punishment for Penetrative Sexual Assault - Section 4
(5) Question not attempted

34. Which of the following Section of the Probation of Offenders Act, 1958 deals with the report of Probation Officer to be confidential?

(1) Section 6
(2) Section 7
(3) Section 10
(4) Section 9
(5) Question not attempted

31. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिये –

**सूची–I**

(A) मृत्युकालिक कथन
(B) कौन साक्ष्य दे सकेगा
(C) वृत्तिक संसूचनाएँ
(D) विवाहित स्थिति के दौरान में दी गई संसूचनाएँ

**सूची–II**

(1) धारा 118 भा.सा.अधि., 1872
(2) धारा 32(1) भा.सा.अधि., 1872
(3) धारा 122 भा.सा.अधि., 1872
(4) धारा 126 भा.सा.अधि., 1872

**कूट –**

(1) (A)-(3), (B)-(2), (C)-(4), (D)-(1)
(2) (A)-(2), (B)-(3), (C)-(1), (D)-(4)
(3) (A)-(2), (B)-(1), (C)-(4), (D)-(3)
(4) (A)-(4), (B)-(3), (C)-(2), (D)-(1)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

32. राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 1992 पर राज्यपाल की सहमति प्राप्त हुई –

(1) 8 सितम्बर, 1992 को
(2) 8 नवम्बर, 1992 को
(3) 18 नवम्बर, 1992 को
(4) 8 दिसम्बर, 1992 को
(5) अनुत्तरित प्रश्न

33. लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 के अन्तर्गत निम्नलिखित में से कौनसा युग्म सही नहीं है?

(1) लैंगिक हमला – धारा 6
(2) गुरुतर प्रवेशन लैंगिक हमला – धारा 5
(3) प्रवेशन लैंगिक हमला – धारा 3
(4) प्रवेशन लैंगिक हमले के लिए दण्ड – धारा 4
(5) अनुत्तरित प्रश्न

34. अपराधी परिवीक्षा अधिनियम, 1958 की निम्नलिखित में से कौनसी धारा परिवीक्षा अधिकारी की रिपोर्ट का गोपनीय होने से सम्बन्धित है?

(1) धारा 6
(2) धारा 7
(3) धारा 10
(4) धारा 9
(5) अनुत्तरित प्रश्न

35. Who shall establish a Court of Session for every Sessions Division?
(1) Governor of the State
(2) The State Government
(3) The High Court of the State
(4) President of India
(5) Question not attempted

36. 'A' is cutting the wood with an axe at a place where children are playing. The axe flies off and kills a nearby child. 'A' is guilty of -
(1) Culpable Homicide not amounting to murder
(2) No offence
(3) Causing death by negligence
(4) Murder
(5) Question not attempted

37. 'Unfair Means' is defined under the Rajasthan Public Examination (Measures for Prevention of Unfair Means in Recruitment) Act, 2022 in -
(1) Section 3 (2) Section 2(d)
(3) Section 2(f) (4) Section 2(c)
(5) Question not attempted

38. Under Section 262 of Criminal Procedure Code, 1973 in case of conviction the maximum term of imprisonment is -
(1) Six months (2) One year
(3) One month (4) Three months
(5) Question not attempted

39. In which of the following cases, it was held that an offence committed in India can be tried by the courts in India, whether perpetrator of crime resides in India or foreign country?
(1) Gopal Vinayak Godse V. State, AIR 1961 SC 600
(2) Mobarik Ali Ahmed V. State of Bombay, AIR 1957 SC 857
(3) Phool Kumari V. Tihar Central Jail, AIR 2012 SC 3198
(4) Bishambher Bhagat V. State, AIR 1971 SC 2381
(5) Question not attempted

35. प्रत्येक सेशन खण्ड के लिए कौन एक सेशन न्यायालय स्थापित करेगा?
(1) राज्य के राज्यपाल
(2) राज्य सरकार
(3) राज्य का उच्च न्यायालय
(4) भारत के राष्ट्रपति
(5) अनुत्तरित प्रश्न

36. 'ए' उस स्थान पर कुल्हाड़ी से लकड़ी काट रहा है, जहाँ बच्चे खेल रहे हैं। कुल्हाड़ी छिटक जाती है और पास के एक बच्चे को मार देती है। 'ए' दोषी है –
(1) सदोष मानववध जो हत्या नहीं है
(2) कोई अपराध नहीं
(3) उपेक्षा द्वारा मृत्यु कारित करने का
(4) हत्या का
(5) अनुत्तरित प्रश्न

37. राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय) अधिनियम, 2022 के अन्तर्गत 'अंनुचित साधन' को परिभाषित किया गया है –
(1) धारा 3 में (2) धारा 2(घ) में
(3) धारा 2(च) में (4) धारा 2(ग) में
(5) अनुत्तरित प्रश्न

38. दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 262 के अधीन दोषसिद्धि होने पर कारावास की अधिकतम अवधि है –
